ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -26 | मईं- I - 2024 | अंक - 03 | माउण्ट आबू | Rs.-12

विश्व के कल्याण में जीवन न्योछावर किया दादी ने

चार दिवसीय शताब्दी महोत्सव के रंग में रंगा शांतिवन, डायमण्ड हॉल में भव्य कार्यक्रम

शांतिवन के विशाल डायमण्ड हॉल में देश-विदेश से आये हज़ारों लोगों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का 100वां जन्मोत्सव।

शांतिवन। ब्रह्माकुमारीज़ मुख्यालय के शांतिवन परिसर में संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी जी के 100वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित चार दिवसीय शताब्दी महोत्सव के शुभारंभ पर दादी ने कहा कि खुद को भाग्यशाली समझती हूँ कि इस ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थापना से लेकर आज तक इसकी साक्षी रही हूँ।
अति. मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. मोहिनी दीदी ने कहा कि दादी ने अपना पूरा जीवन विश्व कल्याण और लोगों की भलाई के लिए लगा दिया। अति. मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी ब्र.कु. जयंती दीदी ने कहा कि परमात्मा और ब्रह्मा बाबा ने जिस विश्वास और भरोसे के साथ दादीजी को ज़िम्मेदारी सौंपी, उन्होंने उससे कई गुना बढ़कर अपने कर्मों से उदाहरण पेश किया। अति. महासचिव ब्र.कु. बृजमोहन भाई ने कहा कि दादी का जीवन नारी शक्ति की मिसाल है। - शेष पेज 3 पर...

शोभायात्रा निकालीः दादी के कॉटेज सरस्वती भवन से डायमंड हॉल तक शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों भाई-बहनों ने विशेष परिधानों में सजकर दादी की अगवानी की। इसके साथ ही महाराष्ट्र की परम्परागत ड्रेस में महिलाओं ने उनकी आरती उतारकर पुष्प वर्षा की। देवी-देवताओं के रूप में सजे लोगों का उमंग देखने योग्य था।

मुम्बई से आए चांद मिश्रा एवं ग्रुप के कलाकारों ने प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुप्रसिद्ध गायक हरीश मोयल ने अपने मधुर गीतों की प्रस्तुति से समा बांध दिया। आध्यात्मिक गीतों पर बच्चों ने अपनी कला बिखेरी। मुम्बई से आईं कुमारी वैष्णवी ने नृत्य की प्रस्तुति दी। गुजरात से आईं ब्र.कु. दीपिका ने कविता पाठ किया। मधुर वाणी ग्रुप के कलाकारों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

विशेष

दादी को 'डॉ. अब्दुल कलाम वर्ल्ड पीस अवॉर्ड' तथा 'महाकरुणा अवॉर्ड' से नवाज़ा

ब्रह्माकुमारीज़ के शांतिवन में चल रहे शताब्दी महोत्सव के दूसरे दिन ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को अखिल भारतीय मानवाधिकार परिषद् द्वारा डॉ. अब्दुल कलाम वर्ल्ड पीस अवार्ड और महाबोधि इंटरनेशनल मेडिटेशन सेंटर लेह लद्दाख द्वारा महाकरुणा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
इस अवसर पर महाबोधि इंटरनेशनल मेडिटेशन सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष भिक्खू संघसेना ने कहा कि पुरुष प्रधान देश में महिलाओं को सम्मान देने का काम ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान ने किया है। यहां की बहनों ने पूरे विश्व के 140 देशों में अध्यात्म और राजयोग का परचम लहराया है। इस संस्था की प्रमुख दादी ने अपना पूरा जीवन मानवता की सेवा में लगाया है। यहां आने के बाद एक अलग ही ऊर्जा की महसूसता होती है। अखिल भारतीय मानवाधिकार परिषद नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. एन्थनी राजू ने कहा कि दादी नारी शक्ति की एक मिसाल हैं। उनके सानिध्य में आज एक ऐसी फौज तैयार है कि जिसके माध्यम से पूरे जगत में मानवता का दीपक जगाया जा सके।

100वें जन्म दिन पर लंडन पार्लियामेंट में दादी रतन मोहिनी '24 प्रॉमिनेंट पर्सनालिटीज़ इन द वर्ल्ड 2024' में शामिल

लंडन। ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी को '24 प्रॉमिनेंट पर्सनालिटीज़ इन द वर्ल्ड 2024' में शामिल किया गया है। लंडन ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ स्किल्स डेवलपमेंट ने पूरे विश्व से 24 प्रतिभाशाली लोगों को इसके लिए चुना है जिन्होंने विश्व में शांति तथा मानवीय मूल्यों को प्रस्थापित करने के लिए विशेष योगदान दिया है। ऐसे 24 प्रतिभाशाली व्यक्तियों की जीवनी को 'कॉफी टेबल बुक' में सम्मिलित किया गया है।
24 प्रॉमिनेंट पर्सनालिटीज़ इन द वर्ल्ड 2024 कॉफी टेबल बुक का विमोचन हाउस ऑफ कॉमन्स,ब्रिटिश पार्लियामेंट,लंडन में लंडन के मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट बॉब ब्लॅकमन के हाथों से किया गया। इस अवसर पर लंडन ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ स्किल्स डेवलपमेंट की डायरेक्टर मिसेस वर्ल्ड 2022 परीन सोमानी, लंडन ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ स्किल्स डेवलपमेंट के ब्रांड एम्बेडेसर डॉ. ब्र.कु. दीपक हरके, हॅरो के मेयर रामजी चौहान, इकोनॉमिक फोरम के डायरेक्टर डॉ. हरी कृष्णा मारम, मेयरनेस मीना चौहान, ग्लोबल को-ऑपरेशन हाऊस लंडन की डायरेक्टर सिस्टर मॉरीन, ब्र.कु. हरिका, ब्र.कु. पोलिना, ब्र.कु. डॉ. त्रिवेणी, ब्र.कु. गीता आदि उपस्थित रहे एवं अपने विचार रखे।
इस मौके पर परीन सोमानी ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि एमेज़ॉन पर भी यह कॉफी टेबल बुक उपलब्ध है। वे अगले महीने लंडन से भारत आकर दादीजी को '24 प्रॉमिनेंट पर्सनालिटीज़ इन द वर्ल्ड 2024' कॉफी टेबल बुक प्रदान करेंगी।